| Q. No. | Total Marks | Obtained Marks |
|---|---|---|
| Unit-1-A | 10 | 2.5 |
| Unit-1-B | 25 | 4.5 |
| Unit-1-C | 40 | 11.5 |
| Unit-2-A | 10 | 3.25 |
| Unit-2-B | 25 | 9 |
| Unit-2-C | 30 | 16 |
| Unit-3-A | 20 | 4.5 |
| Unit-3-B | 20 | 11.25 |
| Unit-3-C | 20 | 10.75 |
| Total Obt. Marks in Figures | 200 | 73.25 |
| Total Obt. Marks in Words | | Seventy Three+ ¼ |

PART - I

| Paper Code |
|---|
| P-3 |

55038

| Medium of Exam |
|---|
| hindi |
| Hindi ● |
| English ○ |

nation of the candidate shall be
didate will be liable-
Name, Address, Roll Number,

questions.
त्यादि नहीं लिखें। यहाँ तक कि पत्रादि
ों, प्रश्नोत्तर से असंबंधित वाक्य, शब्द
र्ण परीक्षा निरस्त की जाकर भविष्य में

number of pages) then bring it
ble for that.
तथा उसे बदलवा लें, अन्यथा उसका

Ball Point Pen before answering.
Cover Sheet (OMR sheet).
नीपूर्वक भरें। कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर.

details have to be filled by the

ध्यान रखें कि कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर.

marks are indicated in each unit

यूनिट एवं भाग में अंकित हैं।
sh versions of the question, the

रूपान्तर मान्य होगा।
guage and script, unless directed

ो दिए जाएँ, जब तक कि प्रश्न विशेष के

should not write answer outside

ो बाहर उत्तर नहीं लिखें। बॉर्डर लाइन के

ers beyond the prescribed limit of words, failing this, marks may be deducted.
नहीं लिखना चाहिए। इसका उल्लंघन करने पर अंक काटे जा सकते हैं।
out of many and the candidate attempts more than one question then only first answer will be assessed.
दिया गया है और परीक्षार्थी द्वारा एक से अधिक प्रश्न हल किये जाते हैं तो ऐसी स्थिति में प्रथम उत्तर ही जाँचा जायेगा।
other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited.
ी इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।
f any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her
to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Measures for Prevention of Unfair**
applicable and Commission's Regulations. Commission may also debar him/her permanently from

या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए और
**(रोकथाम अध्युपाय) अधिनियम, 2022 तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों–प्रावधानों** के तहत कार्यवाही की
वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

didate or any attempt is made to damage the Question-Answer Booklet or any page is removed or
e examination shall be cancelled by the Commission, for which candidate will be liable.

प्रश्नोत्तर पुस्तिका को किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा कोई पृष्ठ फाड़ा जाता है या उस पर किसी प्रकार का
पूर्ण परीक्षा निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।

## CANDIDATE PLEASE READ CAREFULLY
## अभ्यर्थी कृपया ध्यान से पढ़ें

**Please note that the following act is strictly prohibited and will be treated as unfair means. The entire examination of the candidate shall be cancelled. Also, he/she may be debarred by the Commission from all the future examinations for which the candidate will be liable-**

- **Writing any mark of identity inside the Question-Answer Booklet (including space for rough work) i.e. Name, Address, Roll Number, Mobile number etc. However in case of letter writing words like XYZ, ABC etc. can be used.**
- **Writing name of God, religious sign, irrelevant sentence, words and numbers other than the answers of the questions.**

प्रश्नोत्तर पुस्तिका (रफ कार्य के पृष्ठ सहित) के अंदर कहीं पर भी पहचान चिह्न यथा अपना नाम, पता, रोल नंबर, मोबाइल नंबर इत्यादि नहीं लिखें। यहाँ तक कि पत्रादि लेखन में भी नहीं लिखें (XYZ, ABC, अ ब स आदि लिखा जा सकता है)। कोई धार्मिक चिह्न, देवताओं के नाम, अनर्गल बातें, प्रश्नोत्तर से असंबंधित वाक्य, शब्द एवं अंक आदि भी न लिखें। ऐसा करने पर आयोग द्वारा इसे अनुचित साधन अपनाने का कृत्य माना जायेगा तथा अभ्यर्थी की संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जाकर भविष्य में आयोजित की जाने वाली समस्त परीक्षाओं से विवर्जित करने की कार्यवाही की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।

### IMPORTANT INSTRUCTIONS (महत्त्वपूर्ण निर्देश)

(A) It should be ensured that the Question-Answer Booklet is provided in sealed polythene to the candidate.
अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि अभ्यर्थी को प्रश्नोत्तर पुस्तिका सीलबंद पॉलिथीन में प्रदान की गई है।

(B) If the Question-Answer Booklet is torn or not printed properly or some pages are missing (Please count the number of pages) then bring it to notice of invigilator at once and change the Question-Answer booklet, otherwise the candidate will be liable for that.
यदि प्रश्नोत्तर पुस्तिका कहीं से कटी-फटी या अमुद्रित है या पृष्ठ कम हैं (कृपया पृष्ठ गिन लें) तो तुरन्त अभिजागर के ध्यान में ला दें तथा उसे बदलवा लें, अन्यथा उसका दायित्व अभ्यर्थी का होगा।

(C) Please fill up all desired details properly on Cover Sheet (OMR sheet) of Question-Answer Booklet with **Blue Ball Point Pen** before answering. The Commission may also deduct 5 marks from the marks obtained if Roll Number is not filled correctly on the Cover Sheet (OMR sheet).
प्रश्नोत्तर पुस्तिका में प्रश्न हल करने से पूर्व कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर. पत्रक) पर सभी वांछित विवरण **नीले बॉल पॉइंट पेन** से सावधानीपूर्वक भरें। कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर. पत्रक) पर रोल नम्बर का त्रुटिपूर्ण अंकन करने पर आयोग द्वारा प्राप्तांकों में से 5 अंक काटे भी जा सकते हैं।

(D) This Cover Sheet (OMR sheet) consists of Two parts, in which some information is pre-printed, remaining details have to be filled by the candidate. Please ensure that this Cover Sheet (OMR sheet) is not torn or damaged.
कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर. पत्रक) दो भागों में बंटा है, जिसमें कतिपय सूचनाएँ पूर्वमुद्रित हैं, शेष की पूर्ति अभ्यर्थी को करनी है। ध्यान रखें कि कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर. पत्रक) कहीं से कटे-फटे नहीं अथवा किसी भी प्रकार से क्षतिग्रस्त नहीं हो।

(E) The question paper is divided into different units/parts. The number of questions to be attempted and their marks are indicated in each unit and part.
प्रश्न-पत्र विभिन्न यूनिट/भागों में विभाजित है। प्रत्येक यूनिट एवं भाग में हल किये जाने वाले प्रश्नों की संख्या और उनके अंक उस यूनिट एवं भाग में अंकित हैं।

(F) If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English versions of the question, the **English version will be treated as standard.**
यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी या अंग्रेजी रूपान्तरों में से **अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा।**

(G) Attempt answers either in **Hindi or English**, not in both. For Language Papers, answer in concerned language and script, unless directed otherwise to write in Hindi or English specifically.
उत्तर **हिन्दी या अंग्रेजी** भाषा में से किसी एक में दीजिये, दोनों में नहीं। भाषा विषयक प्रश्नों के उत्तर उनकी संबद्ध भाषा व लिपि में ही दिए जाएँ, जब तक कि प्रश्न विशेष के लिए अलग से हिंदी या अंग्रेजी में उत्तर देने के लिए न लिखा गया हो।

(H) Candidates are directed to write answers only in the prescribed space of Question-Answer Booklet. They should not write answer outside the border line. Answer written outside the border line will not be checked.
अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि किसी भी प्रश्न का उत्तर प्रश्नोत्तर पुस्तिका में निर्धारित स्थान पर ही लिखें। बॉर्डर लाइन से बाहर उत्तर नहीं लिखें। बॉर्डर लाइन के बाहर लिखे गये उत्तर को जाँचा नहीं जायेगा।

(I) The candidates should not write the answers beyond the prescribed limit of words, failing this, marks may be deducted.
अभ्यर्थियों को उत्तर निर्धारित शब्द सीमा से अधिक नहीं लिखना चाहिए। इसका उल्लंघन करने पर अंक काटे जा सकते हैं।

(J) If there is a choice to attempt one question out of many and the candidate attempts more than one question then only first answer will be assessed.
यदि कई प्रश्नों में से कोई एक हल करने का विकल्प दिया गया है और परीक्षार्थी द्वारा एक से अधिक प्रश्न हल किये जाते हैं तो ऐसी स्थिति में प्रथम उत्तर ही जाँचा जायेगा।

(K) Mobile Phone, watch, smart watch or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited.
मोबाइल फोन, घड़ी, स्मार्ट वॉच या अन्य किसी भी इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Measures for Prevention of Unfair means in Recruitment) Act, 2022**, other laws applicable and Commission's Regulations. Commission may also debar him/her permanently from all future examinations.

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए और **राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम अध्युपाय) अधिनियम, 2022 तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों-प्रावधानों** के तहत कार्यवाही की जायेगी। साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

**Special Note :**
If there is any wrong information filled by the candidate or any attempt is made to damage the Question-Answer Booklet or any page is removed or any marking as identification is done, then his entire examination shall be cancelled by the Commission, for which candidate will be liable.

**विशेष नोट :**
अभ्यर्थी द्वारा यदि कोई गलत सूचना अंकित की जाती है या प्रश्नोत्तर पुस्तिका को किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा कोई पृष्ठ फाड़ा जाता है या उस पर किसी प्रकार का पहचान चिह्न अंकित किया जाता है, तो आयोग द्वारा उसकी संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।

SPACE FOR ROUGH WORK

# PAPER-III : GENERAL STUDIES & GENERAL KNOWLEDGE

**Total Marks : 200**

**Total Questions : 48**

**Unit – I** **(75 Marks)**

**Part – A** **Marks : 10**

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर 15-15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।

1. In the context of federal system, what are the provisions regarding Residuary matters in the Constitution of India ?
भारत के संविधान में संघीय व्यवस्था के संदर्भ में अवशिष्ट विषयों के लिए क्या प्रावधान हैं ?

भारतीय संविधान के Art 248 के अन्तर्गत अवशिष्ट शक्तियाँ संघ सरकार में निहित हैं।
साइबर अपराध, ऑनलाइन गेमिंग, आतंकवाद जैसे नए विषय संघ सरकार के पास

1(One)
(Q.U1-A-1)

2. Regarding the Bharatiya Adivasi Party's performance in the Rajasthan Vidhan Sabha elections held in 2023, answer the following questions :
(a) Total seats contested by BAP
(b) Total seats won by BAP
(c) Percentage of valid votes secured by BAP
(d) Percentage of valid votes secured by BAP in seats contested by it
2023 में आयोजित राजस्थान विधान सभा चुनाव में, भारतीय आदिवासी पार्टी (BAP) के प्रदर्शन से संबंधित निम्नांकित प्रश्नों का उत्तर दीजिए :
(a) बी.ए.पी. द्वारा लड़ी गई कुल सीटें
(b) बी.ए.पी. द्वारा जीती गई कुल सीटें
(c) बी.ए.पी. द्वारा वैध मतों का प्राप्त प्रतिशत
(d) बी.ए.पी. द्वारा लड़ी गई सीटों पर वैध मतों का प्राप्त प्रतिशत

(c) कुल 3 सीटें जीती

0 (Zero)
(Q.U1-A-2-a)
0.5(Zero½)
(Q.U1-A-2-b)
0 (Zero)
(Q.U1-A-2-c)
0 (Zero)
(Q.U1-A-2-d)

3. What is 'Global Stocktake (GST)'?

'ग्लोबल स्टॉकटेक (जीएसटी)' क्या है ?

Cop 28 के अन्तर्गत वैश्विक तापमान को 1.5°C तक स्थिर रखने हेतु 8 कदमों का एक लक्ष्य (पेरिस जलवायु समझौते के तहत सामूहिक निगरानी के तहत प्रत्येक 5 वर्ष बाद मूल्यांकन जलवायु कार्यवाईयों का) – परमाणु ऊर्जा को अपनाना, जीवाश्म ईंधन (मार्जिन) कम करना, CO2 व अन्य ग्रीन हाउस उत्सर्जन, स्वच्छ ईंधन अपनाना आदि

1(One)
(Q.U1-A-3)

4. Why the following persons were recently in the news ?

(i) Idashisha Nongrang

(ii) Alok Shukla

निम्नलिखित व्यक्ति हाल ही में समाचारों में क्यों थे ?

(i) इदाशिशा नोंगरांग

(ii) आलोक शुक्ला

0 (Zero)
(Q.U1-A-4-i)

0 (Zero)
(Q.U1-A-4-ii)

5. Who are the Shompen tribe ? Why this tribe was recently in news ?

शोम्पेन जनजाति कौन हैं ? यह जनजाति हाल ही में समाचारों में क्यों थीं ?

0 (Zero)
(Q.U1-A-5)

Unit – I/Part – B

**Marks : 25**

**Note :** Answer **all** the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** निम्न में से **सभी** प्रश्नों के उत्तर **50-50** शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक निर्धारित हैं ।

6. Explain the principle of 'Reasonable Classification' implied in Article 14 of the Constitution of India.

भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 में निहित 'युक्तियुक्त वर्गीकरण' के सिद्धांत की व्याख्या कीजिए ।

भारत के संविधान में विधि की समता के साथ साथ विधि के समान संरक्षण का भी प्रावधान है। इसके तहत राष्ट्रपति व राज्यपाल (Art 361) को मिलने वाली न्यायिक उन्मुक्तियाँ, संसद सदस्यों व विधानमण्डल सदस्यों के विशेषाधिकार (Art 105 & Art 194), विधि का समान संरक्षण युक्तियुक्त वर्गीकरण करता है अर्थात समान परिस्थितियों में समान व्यवहार, यह विधि के शासन की सकारात्मक व्याख्या है। आरक्षण के रूप सकारात्मक कार्यवाही, महिलाओं व बच्चों के कल्याण के लिए विशेष योजना 'अवसर की समता' को प्राप्त करने के लिए प्रयास है

0.5(Zero½)
(Q-U1-B-6)

Do Not Write Here

यहाँ कुछ नहीं लिखें

7. In the context of people's movements, discuss the 'Non-Party Political Process' in India.

जन-आंदोलनों के संदर्भ में, भारत में 'गैर-दलीय राजनीतिक प्रक्रिया' का विवेचन कीजिए ।

भारत में जन आन्दोलन सिविल सोसाइटी के राजनीतिक चेतना के प्रतीक रहे है। अरुणा राय द्वारा सूचना के अधिकार के लिए आन्दोलन, चिपको आन्दोलन व नर्मदा बचाओ आन्दोलन (बाबा आम्टे, सुन्दरलाल बहुगुणा, मेधा पाटेकर), लोकपाल बिल हेतु अन्ना हजारे आन्दोलन, जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में सम्पूर्ण क्रान्ति (इसमें राजनीतिक हस्ती), इन सभी गैर दलीय राजनीतिक आन्दोलनों का उद्देश्य सुशासन, पारदर्शिता, पर्यावरण संरक्षण तथा शासन को अधिक जवाबदेही बनाना है।

3(Three)
(Q.U1-B-7)

8. Mention the major 'subjects' given to urban local governance institutions under Article 243-W of the Constitution of India.

भारत के संविधान के अनुच्छेद 243-ब के अंतर्गत नगरीय स्थानीय शासकीय संस्थाओं को प्रदान किए गए मुख्य 'विषयों' का उल्लेख कीजिए ।

अनुच्छेद 243-ब के अन्तर्गत नगरीय स्थानीय शासकीय संस्थाओं को प्रदान किए विषय → ① House टैक्स, स्टाम्प टैक्स लगाना

② बाजार व मेलों का रखरखाव

③ शहरी स्वच्छता व कचरा प्रबंधन

④ स्थानीय स्कूल व स्वास्थ्य सुविधाएं

⑤ स्ट्रीट लाइट रोड व पार्क निर्माण

⑥ यातायात प्रबन्धन

⑦ सीवरेज व ड्रेनेज रखरखाव

⑧ विद्युत, जल व गैस लाइनों का रखरखाव

⑨ फ्लाईओवर बनाना

⑩ वनस्थ टैक्स लेना

1(One)
(Q.U1-B-8)

9. On what grounds the registration of Overseas Citizens of India (OCI) can be cancelled under the Citizenship Amendment Act, 2019 ? Against cancellation of citizenship, what rights do these citizens have ?
नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 के अंतर्गत विदेश में रह रहे भारतीय नागरिकों का पंजीकरण किन आधारों पर रद्द किया जा सकता है ? नागरिकता रद्द होने के विरुद्ध, इन नागरिकों को क्या अधिकार प्राप्त हैं ?

0 (Zero)
(Q.U1-B-9)

10. Write a note on India's performance at 77th Cannes film festival.
77वें कान फिल्म फेस्टिवल में भारत के प्रदर्शन पर एक टिप्पणी लिखिए।

0 (Zero)
(Q.U1-B-10)

**Unit – I/Part – C** **Marks : 40**

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **100** words each. Each question carries **10** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर 100-100 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 10 अंक निर्धारित हैं।

11. Describe the Electoral process of members of Rajya Sabha.

राज्यसभा के सदस्यों की निर्वाचन-प्रक्रिया का वर्णन कीजिए।

राज्यसभा का निर्वाचन प्रक्रिया का उल्लेख Art 80 में है।
राज्यसभा एक स्थायी सदन है। जिसमें प्रत्येक 2 वर्ष बाद
एक तिहाई सदस्य सेवानिवृत हो जाते है।
एकल संक्रमणीय आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के द्वारा
राज्यसभा के सदस्यों का निर्वाचन किया जाता है। 0.5(Zero½) (Q.U1-C-11)
जिसमें वोट देने वाले सदस्य वरीयता क्रम के आधार
पर वोट डालते है। 0.5(Zero½) (Q.U1-C-11)

⇒ विजय होने के लिए कुल मत = $\frac{N}{n+1}$

N ⇒ कुल मत ✗ 0 (Zero) (Q.U1-C-11)

n ⇒ पदों की संख्या

⇒ राज्यसभा के सदस्यों का चुनाव गुप्त मतदान प्रणाली द्वारा होता है। इसमें राज्य विधानसभा के सदस्य तथा संघ शासित प्रदेश की स्थिति में वहाँ के सदन के सदस्य भाग लेते है। पहले राउण्ड की गिनती में $\frac{N}{n+1}$ वोट न मिलने पर सबसे कम वोट प्राप्त करने वाले सदस्य के वोट एकल संक्रमणीय वरीयता द्वारा स्थानान्तरित होते है। 0.5(Zero½) (Q.U1-C-11)

राज्यसभा संघीय व्यवस्था का सेफ्टी वाल्व होती है अतः
लोकसभा सदस्य के फर्स्ट पास्ट द पोस्ट की जगह
निर्वाचन की अप्रत्यक्ष प्रणाली का प्रयोग क्योंकि राज्यसभा प्रबुद्ध
सदन है। मन्त्रीपरिषद का सामूहिक उत्तरदायित्व art 75(3) के
तहत लोकसभा के प्रति होता है।

×

0 (Zero)
(Q.U1-C-11)

Do Not Write Here
यहाँ कुछ नहीं लिखें

12. Discuss the process of 'Secularisation of Caste' and its impact.

'जाति के सेकुलरीकरण' की प्रक्रिया और उसके प्रभावों की विवेचना कीजिए।

जाति के सेकुलरीकरण को जाति व्यवस्था को आधार बनाकर धर्म व जाति के बीच सामंजस्य स्थापित करना। धार्मिक तुष्टीकरण व ध्रुवीकरण की जगह जाति को राजनीति का केन्द्र बिन्दु बनाकर वोटों को लामबन्द करना। ex- U.P. में सपा द्वारा उर्दू की चुनावी राजनीति, मुस्लिम-दलित गठबन्धन, पश्चिम बंगाल व केरल में भी जाति सेकुलरीकरण का प्रयोग मण्डल vs कमण्डल राजनीति, जाति आधारित राजनीति का केन्द्र में आना (बिहार) जनगणना

प्रभाव — ① जातिगत दबाव समूहों द्वारा अपने जाति विशेष के नायकों का महिमामण्डन ⇒ जातीय तनाव बढ़ना

② जातीय पदसोपानीय सम्बन्धों में शिथिलता (रन्डोलफ के अनुसार) ⇒ निम्न समझी जाने वाली जातियों का राजनीतिक मूल्य बढ़ना

③ ~~रिजले के अनुसार जाति का विकास प्रजातन्त्र में बाधक है।~~

④ तुष्टीकरण की राजनीति को बढ़ावा मिलना ⇒ सच्चर समिति के अनुसार U.P., पश्चिम बंगाल के मुस्लिमों का आर्थिक स्तर सबसे नीचे

⑤ जातीय सेकुलरीकरण के कारण अवसर संकुचित होना ⟶ क्षमता कम → अवसर और संकुचित (राममनोहर लोहिया)

⑥ इसके विरोध के स्वरूप विपक्षी दलों द्वारा हिन्दुत्व मुद्दे पर निर्भरता बढ़ाना ⇒ सर्वोदय का आदर्श पीछे छूटना

⑦ रेवड़ी कल्चर (फ्रीबीज राजनीति) को बढ़ावा मिलना

⑧ मतदान व्यवहार, चुनावी दलों द्वारा प्रत्याशी चयन में धर्म, जाति, एथनिक को ध्यान रखना

2(Two) (Q.U1-C-12)

⇒ महात्मा गान्धी के अनुसार राजनीति का धर्म होना चाहिए, धर्म की राजनीति नहीं होनी चाहिये।

13. Identify the distinguishing features of the first phase of electoral politics (1952-1971) in Rajasthan.

राजस्थान में चुनावी राजनीति के प्रथम चरण (1952-1971) की मुख्य विशेषताओं को चिह्नित कीजिए ।

चुनावी राजनीति के प्रथम चरण (1952-1971) तक कान्ग्रेस का प्रभाव रहा था। 1952 में प्रथम आम चुनाव के बाद टीकाराम पालीवाल प्रथम निर्वाचित मुख्यमन्त्री बने जिन्हे जयनारायण व्यास द्वारा प्रतिस्थापित कर दिया गया। व्यास व माणिक्य लाल वर्मा गुट का प्रभुत्व, सामन्ती छवी वाले विरोधी दल के विधायकों को शामिल करने के बाद कुम्भाराम आर्य, वर्मा व मोहनलाल सुखाडिया ने व्यास को विधायक दल चुनाव मे पराजित 0.5(Zero½) (Q.U1-C-13) 0.5(Zero½) (Q.U1-C-13)

(1) प्रथम विधानसभा ⇒ (1952-57) कान्ग्रेस ⇒ 82 सीट, रामराज्य परिषद ⇒ 24, भारतीय जनसंघ ⇒ 8 सीट, सर्वाधिक निर्दलीय यशोदा देवी व कमला बेनिवाल उपचुनाव से सदन सदस्य कुल सीटे ⇒ 156, 20 सीटो पर 2-2 सदस्य चुनाव ~~नरोत्तम सिंह ⇒ अध्यक्ष~~; लाल सिंह शक्तावत ⇒ उपाध्यक्ष 1(One) (Q.U1-C-13) 0.5(Zero½) (Q.U1-C-13)

(2) द्वितीय विधानसभा (1957-62) → कान्ग्रेस [119], जनसंघ [6], रामराज्यपरिषद [17] सीट

कुल सीटे 176, रामनिवास मिर्धा - स्पीकर, मोहनलाल सुखाड़िया → CM.

(3) तृतीय विधानसभा (1962-67) → कान्ग्रेस [88], जनसंघ [15], रामराज्यपरिषद [3 सीट]

गायत्री देवी के नेतृत्व मे स्वतन्त्र पार्टी ने [36] सीटे जीती, स्पीकर → रामनिवास मिर्धा, राष्ट्रपति शासन पहली बार

(4) ~~चौथी विधानसभा~~ (1967-72) ⇒ कान्ग्रेस 89, जनसंघ → 22, स्वतन्त्र पार्टी ⇒ [49] सीटे, इस प्रकार 1952-71 तक कान्ग्रेस की नीतियां। जमींदारी उन्मूलन, प्रीवीपर्स समाप्ति, बैंक राष्ट्रीयकरण के कारण प्रभुत्व 1(One) (Q.U1-C-13)

14. There is a viewpoint that the foreign policy of India is in a dilemma, i.e., between joining the 'developed North' or leading the 'developing South'. Analyse this viewpoint with plausible arguments.
एक दृष्टिकोण है कि भारतीय विदेश नीति दुविधा में है, यथा भारत 'विकसित उत्तर' से जुड़े अथवा 'दक्षिण के विकासशील' देशों का नेतृत्व करे। उपर्युक्त कथन का विश्लेषण समुचित तर्कों के साथ कीजिए।

⇒ भारत की विदेश नीति समावेशी बहुपक्षवाद, बहुध्रुवीय विश्व निर्माण, नियम आधारित विश्व व्यवस्था, 3M (मल्टीपोलर, मल्टीएलाइनमेंट व मल्टीलेटरल) तथा रणनीतिक स्वायत्तता (डीहाइफनेशन नीति) पर आधारित

| विकसित उत्तर के साथ | दक्षिण के विकासशील देशों का नेतृत्व |
|---|---|
| ① इंडो प्रशान्त क्षेत्र में सागर सुरक्षा प्रदाता → क्वाड, IPEF निर्माण, आसियान के साथ सामरिक साझेदारी<br>② यूरो अटलांटिक क्षेत्र के साथ सहयोग - EFTA के साथ भारत का T.E.P.A. (मुक्त व्यापार समझौता), G7 समिट में भाग लेना, I2U2 की स्थापना (USA के साथ मिलकर) मालाबार युद्धाभ्यास | ① गुट निरपेक्षता आन्दोलन का नेतृत्व → PM मोदी की मिस्र यात्रा ② global साउथ समिट का आयोजन ③ अफ्रीकी यूनियन को G-20 का स्थायी सदस्य ④ COP27 में लास एंड डेमेज फंड स्थापना। ⑤ G20 पेरिलाइफ मिशन ⑥ भारत UN क्षमता निर्माण पहल |

(आवश्यकता) → ① वैश्विक व्यवस्था को आकार ⇒ रूस-यूक्रेन युद्ध पर G20 में प्रस्ताव
② चीन को प्रतिसन्तुलित करने हेतु (नेकलेस आफ डायमण्ड नीति में USA के डिएगो गार्सिया, फ्रांस के रीयूनियन द्वीप का प्रयोग

(आवश्यकता) → ① बहुपक्षीय संस्थाओं में सुधार (संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, WTO, IMF) के लिए LGO, G77 का सहयोग आवश्यक,
② जलवायु न्याय जैसे सिद्धान्तों पर सहमति
③ भारत की सॉफ्ट पावर हेतु (मिशन सागर, वैक्सीन मैत्री पहल, HADR (मानवीय आपदा राहत सहायता)

→ भारत गुटनिरपेक्षता से विश्वमित्र, ग्लोबल साउथ व यूरो अटलांटिक के समन्वय के साथ आगे बढ़ रहा है (S. जयशंकर-पुस्तक → अनिश्चित विश्व के लिए रणनीतियाँ)

4.5(Four½)
(Q.U1-C-14)

**Unit – II** **(65 Marks)**

**Part – A** **Marks : 10**

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :—** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर **15-15** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक निर्धारित हैं।

15. Write the name of any two H.Q. of Directorates or Executive Departments of State Government located in Ajmer.

अजमेर में स्थित राज्य सरकार के किन्हीं दो निदेशालयों या कार्यकारी विभागों के मुख्यालय के नाम लिखिए।

① राजस्व विभाग का कार्यालय (राजस्व मण्डल)

② माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर ×

0 (Zero)
(Q.U2-A-15)

16. What do you mean by sub-national government ?

उप-राष्ट्रीय सरकार से आप क्या समझते हैं ?

उपराष्ट्रीय सरकार राज्य व स्थानीय सरकारों को माना जाता है केन्द्र के समान राज्य सरकार को कानून निर्माण की शक्ति तथा स्थानीय प्राधिकरण भी कर वसूलना तथा अपने क्षेत्र के संचालन हेतु नियम विनियम बना सकते है ✓

1 (One)
(Q.U2-A-16)

17. What is the main concern of Corporate Governance ?

कॉर्पोरेट गवर्नेंस का मुख्य सरोकार क्या है ?

कॉर्पोरेट गवर्नेंस का मुख्य सरोकार निजी कम्पनियों की सामाजिक, पर्यावरणीय जवाबदेही तय करना, शेयरधारकों के समान व्यवहार, क्रोनीकैपिटलिज्म को रोकना, पारदर्शिता व जवाबदेहिता सुनिश्चित करना तथा प्रतिनिधि मंडल में महिलाओं की भूमिका सुनिश्चित करना

0.75(Zero¾)
(Q.U2-A-17)

18. Who is responsible to upload on the web portal of Rajya Sabha / Lok Sabha Secretariat the text version of answers to the questions asked in parliament ?

राज्यसभा/लोकसभा सचिवालय के वेब पोर्टल पर संसद में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के अंतिम स्वरूप को अपलोड करने हेतु कौन उत्तरदायी है ?

0 (Zero)
(Q.U2-A-18)

19. What is the main function of State Election Commission ?

राज्य निर्वाचन आयोग का मुख्य कार्य क्या है ?

1.5(One½)
(Q.U2-A-19)

संविधान के अनुच्छेद 243(K) व 243(ZA) में वर्णित राज्य चुनाव आयोग का कार्य स्थानीय निकायों (पंचायतीराज व नगरीय संस्थाओं) के चुनाव करवाना, मतदाता सूची बनाना, मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप अभियान), स्थानीय निकायों के प्रतिनिधियों की अयोग्यता के सम्बन्ध में राज्य सरकार को सलाह

Unit – II/Part – B **Marks : 25**

**Note :** Answer **all** the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** निम्न में से सभी प्रश्नों के उत्तर 50-50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।

20. Discuss the salient features of Change Management.

परिवर्तन प्रबंधन की प्रमुख विशेषताओं की विवेचना कीजिए।

परिवर्तन प्रबन्धन, प्रशासनिक परिवर्तनों या सुधारों का प्रबंधन है।
परिवर्तन प्रबन्धन में संगठन की अवरोधक व सकारात्मक शक्तियों
की पहचान की जाती है।
विशेषताएं - ① कर्ट लेविन के अनुसार प्रचरण – अनफ्रीजिंग → चेंजिंग → रीफ्रीजिंग
② संगठन की अंतरजीविता में वृद्धि व नवाचार
को बढ़ावा ③ वास्तविक व अपेक्षित निष्पादन के बीच
विचलन का अध्ययन कर सुधार के उपाय ④ संगठन की
संरचनात्मक, व्यवहारात्मक व प्रक्रिया में परिवर्तन eg- योजना आयोग
को नीति आयोग में, e-governance, ई-निविदा ⑤ अवरोधक शक्तियों
को न्यूनतम करने का प्रयास

Do Not Write Here

यहाँ कुछ नहीं लिखें

2(Two)
(Q.U2-B-20)

21. Analyse the concept of Legitimacy.

वैधता की अवधारणा का विश्लेषण कीजिए।

→ वैधता शक्ति का कानूनी व नैतिक आधार प्रदान करती है। शक्ति के साथ वैधता जुड़ने पर सत्ता का उदय होता है। वैधता के द्वारा लोगों के हृदय पर शासन किया जा सकता है।

अरस्तु ⇒ दार्शनिक राजा (विवेक) ⟶ हीगल (सार्वभौमिक परार्थवाद)
प्लेटो

(जनकल्याण) सकारात्मक ← उदारवाद (स्वतन्त्रता)
शासन की वैधता उदारवाद

भारत में सरकार के तीनों अंगों की वैधता का आधार संविधान तथा जनता की सम्प्रभुता है। संविधान का अतिक्रमण करने पर वैधता की संकट

0.5(Zero½)
(Q.U2-B-21)

22. What are Seven Deadly Sins propounded by Mahatma Gandhi and why they are important ?

महात्मा गाँधी द्वारा प्रतिपादित सात प्रमुख बुराइयाँ क्या हैं तथा वे क्यों महत्वपूर्ण हैं ?

① अन्तःकरण के बिना सुख — भ्रष्टाचार, भौतिकतावाद, शक्ति व अधिकार के दुरुपयोग को रोकना

② परिश्रम बिना धनोपार्जन — गेम्बलिंग, पोंजी स्कीम, मनी लेवल मार्केटिंग द्वारा किए गए वित्तीय लेनदेन को रोकना

③ नैतिकता के बिना व्यापार — 'टाटा'-वस्तु नहीं 'विश्वास' बेचता है। कॉर्पोरेट गवर्नेंस, कर अपवंचन रोकना

④ चरित्र के बिना ज्ञान — शिक्षा व्यवसायीकरण, अंग बेचना (डॉक्टर) को रोकना

⑤ धर्म के बिना राजनीति — हेट स्पीच, ध्रुवीकरण व हार्स ट्रेडिंग रोकना

⑥ मानवता के बिना विज्ञान — हाइब्रिड युद्ध, मेयर्स का गलत इस्तेमाल प्रयोग को रोकना

⑦ त्याग के बिना पूजा — धार्मिक आडम्बरों को रोकना

2.5(Two½)
(Q.U2-B-22)

23. Describe the duties of Chief Minister as mentioned in the Constitution of India & also underline the most important duty which makes him head of the Government.

भारत के संविधान में वर्णित मुख्यमंत्री के कर्त्तव्यों का वर्णन कीजिए तथा उस प्रमुख कर्त्तव्य को रेखांकित कीजिए जो उसे शासन का मुखिया बनाता है।

2.5(Two½)
(Q.U2-B-23)

① संसदीय व्यवस्था में मुख्यमन्त्री राज्य का वास्तविक प्रमुख होता है। Art 164 ⇒ मुख्यमन्त्री अन्य मन्त्रियों का चयन करता है (राज्यपाल द्वारा नियुक्त), इसके अलावा सामूहिक व व्यक्तिगत उत्तरदायित्व सुनिश्चित ② Art 167 ⇒ राज्यपाल को राज्य के प्रशासनिक कानून सम्बन्धी सूचना उपलब्ध करवाना ③ Art 163 ⇒ राज्यपाल की विवेकाधीन शक्तियों के अतिरिक्त अन्य मामलो में मन्त्रीपरिषद Art 163(2) की सलाह से कार्य करना ⇒ इस मन्त्रीपरिषद का प्रमुख मुख्यमन्त्री होता है। Art 164 में वर्णित कर्तव्य से मुख्यमन्त्री शासन का मुखिया, इसके अलावा राज्यपाल को सत्र बुलाने, सत्रावसान विधानसभा विघटन के बारे में सलाह

24. Evaluate the provisions made in Article-315 of Constitution of India for State Public Service Commission.

भारत के संविधान के अनुच्छेद-315 में राज्य लोक सेवा आयोग के सम्बन्ध में वर्णित प्रावधानों का मूल्यांकन कीजिए।

भारत के संविधान का अनुच्छेद 315 में राज्य लोक सेवा आयोग व संयुक्त लोक सेवा आयोग का प्रावधान है

आधे सदस्य सम्य सेवा व लोकसेवाओं में व्यापक अनुभव वाले होंगे। नियुक्ति राज्यपाल द्वारा

कमियाँ ⇒ ① राज्यपाल द्वारा नियुक्ति (राज्य सरकार की सलाह) योग्यता पर नहीं होना

② जाति व क्षेत्र आधारित सदस्य चयन

1.5(One½)
(Q.U2-B-24)

Unit – II/Part – C Marks : 30

**Note :** Answer **all** the following questions in **100** words each. Each question carries **10** marks.

**नोट :** निम्न में से सभी प्रश्नों के उत्तर 100-100 शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के 10 अंक निर्धारित हैं ।

25. Describe the formula of Graicunaz propounded for calculation of span of control and give mathematical solution of a situation when number of relations is 5.

नियंत्रण के क्षेत्र के सम्बन्ध में प्रतिपादित ग्रेकुनाज के फॉर्मूले का वर्णन कीजिए तथा यदि सम्बन्धों की संख्या 5 हो तो गणितीय हल कीजिए ।

ग्रेकुनाज के अनुसार अधीनस्थों की संख्या अंकगणितीय रूप से बढ़ने पर बढ़ने वाले सम्बन्धों की ~~संख्या~~ ज्यामितीय रूप से बढ़ती है।

ग्रेकुनाज ने नियन्त्रण के क्षेत्र को ध्यान का क्षेत्र माना। अपनी पुस्तक "रिलेशनशिप इन आर्गनाइजेशन" में नियन्त्रण के क्षेत्र को पदसोपान सिद्धान्त का उपआधार माना।

यदि अधीनस्थों की संख्या $= n$, प्रत्यक्ष सम्बन्ध $= n(n-1)$

सम्बन्धों की संख्या $= n(2^{n-1}+1)$

बढ़ने वाले कुल सम्बन्धों की संख्या $= n\left(\frac{2^n}{2} + n - 1\right)$

या

कुल सम्बन्ध $= n(2^{n-1} + n - 1)$

नियन्त्रण क्षेत्र को प्रभावित करने वाले कारक → आयु, अनुभव, स्थान, तकनीकी, प्रयोजन, विकेन्द्रीकरण

→ बायोमेट्रिक, फैक्स मशीन, ई-मेल के कारण नियन्त्रण का क्षेत्र बढ़ा है।

4.5(Four½)
(Q.U2-C-25)

n=5 हेतु नेकुनाज → प्रत्यक्ष सम्बन्ध $= 5(5-1) = 20$

~~आड़े तिरछे सम्बन्ध → $5(2^4+1) = 5(17) = 85$~~

कुल सम्बन्ध → $n(2^{n-1}+(n-1)) = 5(2^4+4) = 85+20$

$= 105$

**Do Not Write Here**

यहाँ कुछ नहीं लिखें

26. Critically analyse the forms and methods of judicial control in India.
भारत में न्यायिक नियंत्रण के रूप तथा प्रणालियों का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए।

भारतीय संविधान में शक्ति पृथक्करण के तहत cheque & balance को अपनाया गया है। न्यायपालिका संविधान का संरक्षक होने के नाते कार्यपालिका व विधायिका के कार्यों की समीक्षा (विधि की सम्यक प्रक्रिया Art 21, Art 13(1) & (II), Art 32)

① परम्परागत न्यायिक नियन्त्रण ⇒ (i) प्रत्यायोजित विधान की न्यायिक समीक्षा ⇒ प्राधिकृत संस्था द्वारा बनाए गए कानून के नियम-विनियमों की समीक्षा करना
(ii) विधायन की न्यायिक समीक्षा
(iii) करारोपण के विरुद्ध अपील ⇒ Art 265 के अनुसार सिर्फ कानून बनाकर कर की उगाही
(iv) प्रशासकीय निर्णय के विरुद्ध अपील
(v) सरकारी अधिकारी के विरुद्ध अपील

② रिट क्षेत्राधिकार द्वारा — बन्दी प्रत्यक्षीकरण, परमादेश, प्रतिषेध, अधिकार पृच्छा, उत्प्रेषण (मूल अधिकारों के उल्लंघन पर)

③ नवाचार ⇒ न्यायिक सक्रियता (विधायी निर्वात की स्थिति में) न्यायिक पुनरावलोकन
जनहित याचिका (सामाजिक एक्शन याचिका)
कमियाँ ⇒ ① न्यायपालिका में नियुक्ति प्रक्रिया हेतु संविधानेतर निकाय (कॉलेजियम) → बन्द द्वार व्यवस्था, अंकल सिंड्रोम
② न्यायिक सक्रियता का न्यायिक Adventurism में बदलना (Art 142 का उपयोग करते हुए ⇒ मणिपुर मन्त्री के दल बदल का निर्णय करना, राजीव गान्धी हत्यारों की सजा माफ) ③ न्यायिक लम्बित मामलों में वृद्धि
④ संसदीय सर्वोच्चता को बाधित कर न्यायिक सर्वोच्चता स्थापित करने का आरोप ⑤ महिलाओं व पिछड़े वर्गों की प्रतिनिधित्व कम

6(Six)
(Q.U2-C-26)

27. Discuss the main points of the conflict between Generalists v/s Specialists. Also mention the recommendations given by First ARC in this regard.
सामान्यज्ञों बनाम विशेषज्ञों के मध्य टकराव के प्रमुख बिन्दुओं की विवेचना कीजिए। साथ ही इस क्रम में प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग द्वारा दी गई सिफारिशों का वर्णन कीजिए।

सामान्यज्ञ व विशेषज्ञों के बीच टकराव के प्रमुख बिन्दु →

① सामान्यज्ञ सामान्य शिक्षा प्राप्त कर उच्च प्रशासनिक पदों पर पहुँचना
② वेतन व सुविधाएँ सामान्यज्ञों से कम (विशेषज्ञ)
③ अन्तर्विभागीय स्थानान्तरण सम्भव नहीं
④ सामान्यज्ञों की राजनीतिज्ञों से निकटता अधिक
⑤ विशेषज्ञों को सामान्यज्ञों द्वारा अपने अधीनस्थ समझना
⑥ सामान्यज्ञ सचिवालय में रहकर नीति निर्माण का कार्य जबकि विशेषज्ञ नीति क्रियान्वयन
⑦ सामान्यज्ञों व विशेषज्ञों के बीच ईगो क्लेश होना

प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग → ① एकीकृत पदसोपान व्यवस्था की स्थापना, जिसमें सामान्यज्ञ के अधीन सामान्यज्ञ तथा विशेषज्ञ
② सामान्यज्ञ व विशेषज्ञों की ट्रेनिंग एक साथ ~~करवा~~ करवाना
③ कुछ क्षेत्रों जैसे कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा में संयुक्त सचिव से ऊपर वाले पदों पर सीधे विशेषज्ञों की नियुक्ति
④ सामान्यज्ञ व विशेषज्ञों के बीच अधिकार का स्पष्ट विभाजन करना
⑤ न्यू आल इण्डिया सर्विस का गठन करना जिससे विशेषज्ञों को भी कैडर सिस्टम लागू हो
लेटरल एन्ट्री स्कीम के द्वारा इन टकराव के स्थिति को सीमित करने का प्रयास किया गया है।

5.5(Five½)
(Q.U2-C-27)

## Unit – III (Section – A) (20 Marks)

### Part – A Marks : 10

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर **15-15** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक निर्धारित हैं।

28. Enlist the major achievements of the flag bearer from India in Paris Olympics 2024 opening ceremony.

पेरिस ओलम्पिक 2024 के उद्घाटन समारोह में भारत के ध्वजवाहक की प्रमुख उपलब्धियों को सूचीबद्ध करें।

लवलीना बोरगोहेन => टोक्यो ओलम्पिक मे बोक्सिंग मे ब्रान्ज मेडल जीता, अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित एशियाई खेलों, राष्ट्रमण्डल खेलों मे स्वर्ण पदक

0 (Zero)
(Q.U3-A-A-28)

29. Write the number of total 'Khelo India' centres in India with special reference to Rajasthan State with Sports discipline.

राजस्थान राज्य में संचालित खेलों के नाम सहित भारत में कुल 'खेलो इंडिया' केंद्रों की संख्या लिखें।

0 (Zero)
(Q.U3-A-A-29)

30. Which father and daughter duo from Rajasthan holds pride to receive Arjun award and in which game ?

राजस्थान राज्य की पिता पुत्री की किस जोड़ी को अर्जुन पुरस्कार प्राप्त हुआ एवं वह किस खेल से संबंधित हैं ?

(1) करणी सिंह
(2) राज्यश्री कुमारी } शूटिंग से सम्बन्धित

1.5(One½) (Q.U3-A-A-30)

31. Enlist the major achievement of Rajasthan State's Divyakrati Singh in Sports.

राजस्थान राज्य की दिव्यकृति सिंह की खेलों में प्रमुख उपलब्धियाँ सूचीबद्ध कीजिए ।

दिव्यकृति सिंह नागौर के परबतसर के पीलवा गाँव की निवासी एशियन गेम्स 2024 (चीन) में घुड़सवारी में स्वर्ण पदक, अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित स्टेट इलेक्शन आइकान

1.5(One½) (Q.U3-A-A-31)

32. Define and write difference between sprain and strain.

मोच व खिंचाव को परिभाषित करते हुए इसके परस्पर अंतर को लिखिए ।

| मोच | खिंचाव |
|---|---|
| ⇒ मुलायम ऊतकों की चोट | मुलायम ऊतकों की चोट |
| ⇒ अधिक वजन उठाने या शरीर का कोई भाग मुड़ने से | शरीर में ऐंठन की वजह से या बिना वार्मअप के व्यायाम करने पर |
| eg- दौड़ते समय पैर मुड़ने से मोच | eg- जिम में बिना वार्मअप के अधिक वजन उठाने से खिंचाव |

0 (Zero) (Q.U3-A-A-32)

## Unit – III (Section – A)
## Part – B

**Marks : 10**

**Note :** Answer **all** the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** निम्न में से सभी प्रश्नों के उत्तर 50-50 शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं ।

33. Write name of any ten verticals of "Khelo India" Scheme.
"खेलो इंडिया" योजना के किन्हीं दस कार्यक्षेत्रों के नाम लिखिए ।

खेलो इंडिया योजना → भारत में खेल सम्बन्धी संस्कृति विकसित करने हेतु व्यापक कार्यक्रम –

① खेलो इंडिया स्कूल गेम्स
② खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स
③ खेलो इंडिया विंटर गेम्स
④ महिला खेलों को बढ़ावा
⑤ साहसिक खेलों को बढ़ावा

1(One)
(Q.U3-A-B-33)

34. "Janmoshadhi mantratapah Samadhija Siddhaya" is originated from which couplet of Yogsutra ? Elaborate the content included in it.
"जन्मौषधि मंत्रतपः समाधिजाः सिद्धयः" का उद्भव योगसूत्र के किस पद से है ? इसमें प्रयुक्त अवयवों की विवेचना कीजिए ।

– जन्मौषधि मन्त्रतप: समाधिजा: सिद्धय: के अनुसार योग समाधिस्थ हो जाना है योग आत्मा व परमात्मा, व्यष्टि का समष्टि से मिलन है। मन्त्र के माध्यम से चेतना के एक स्तर से दूसरे स्तर तक पहुँचना जिसमें आन्तरिक चेतना स्थिर रहती है यजु: तपस्या धी, चित्त वृत्ति निरोध के भाव के साथ सिद्धि की प्राप्ति करना।

0.5(Zero½)
(Q.U3-A-B-34)

## Unit – III (Section – B) (20 Marks)

### Part – A Marks : 10

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर 15-15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।

35. What kind of competencies are identified as facets of Intelligence in the Indian tradition ?

भारतीय परम्परा में बुद्धि के पक्ष (पहलू) के रूप में पहचानी गई क्षमताओं के प्रकार कौन से हैं ?

भारतीय परम्परा में बुद्धि को समाकलित बुद्धि के रूप में परिभाषित जिसमें सामाजिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक व उद्यमी बुद्धि शामिल है।

0.75(Zero¾)
(Q.U3-B-A-35)

36. Define Intelligence as proposed by David Wechsler.

डेविड वेश्लर द्वारा प्रतिपादित बुद्धि को परिभाषित कीजिए।

डेविड वेश्लर के अनुसार समस्या समाधान, निर्णय प्रक्रिया, तर्क करना तथा रचनात्मक सज्ञानात्मक प्रयोग ही बुद्धि है। डेविड वेश्लर मूलतः संज्ञानात्मक बुद्धि को परिभाषित करते हैं।

0.25(Zero¼)
(Q.U3-B-A-36)

37. Write any two characteristics of analytical style of learning.

अधिगम की विश्लेषणात्मक शैली की कोई दो विशेषताएँ लिखिये ।

एण्डरसन के अनुसार अधिगम की विश्लेषणात्मक शैली में —
① अनुक्रमिक व संरचित रूप में सूचनाओं का अधिगम आसान
② अमूर्त, अप्रासंगिक सूचनाओं का अधिगम आसान
③ पारम्परिक विद्यालयी अधिगम शैली से सगतता

1.75(One¾)
(Q.U3-B-A-37)

38. Explain Sensory Memory.

संवेदी स्मृति को समझाइये ।

एटकिन्सन व शिफरिन ने सूचना प्रक्रमण मॉडल / मोडल मॉडल के अन्तर्गत संवेदी स्मृति को सूचना को पहली बार परिशुद्धता से ग्रहण करने वाली स्मृति तत्व के रूप में, स्मृति संचयन क्षमता अधिक, अवधि एक sec से भी कम, कूटसंकेतन → चित्रात्मक / ध्वन्यात्मक

संवेदी स्मृति —चयनात्मक / ध्यान→ अल्पकालिक स्मृति में प्रवेश

1.75(One¾)
(Q.U3-B-A-38)

39. Explain Forgetting due to trace decay.

चिह्न ह्रास के कारण हुये विस्मरण को समझाइये ।

→ एबिंगहास ने विस्मरण के कारण के रूप में चिह्न ह्रास को बताया। स्मृति में चिह्नों के रूप संचित सूचना संकेतों का अभ्यास व दोहरावन करने पर यह स्मृति चिह्न क्षीण हो जाते हैं तथा समस्या समाधान या निर्णय प्रक्रिया के दौरान पुनरुद्धार में असफलता

0.75(Zero¾)
(Q.U3-B-A-39)

## Unit – III (Section – B)

**Part – B** **Marks : 10**

**Note :** Answer **all** the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** निम्न में से सभी प्रश्नों के उत्तर 50-50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।

40. Explain type A and type B personality as suggested by Friedman & Rosenman.

फ्रीडमैन एवं रोजेनमैन द्वारा सुझाये गये टाइप A और टाइप B व्यक्तित्व को समझाइये।

फ्रीडमैन व रोजनमैन ने व्यक्तित्व के प्रारूप उपागम के आधार पर
Type A, B, C व D व्यक्तित्व बताए।

टाइप A ⇒ ऐसे प्रारूप वाले व्यक्तियों में
उच्च स्तरीय अभिप्रेरणा, धैर्य व
समय की कमी महसूस होना
कार्य बोझ से लदे होने का भाव
रोग की सम्भावना ⇒ उच्च रक्तचाप
उच्च हृदय गति
उच्च कोलेस्ट्रल

टाइप B ⇒ इनमें
टाइप A में पाए
जाने वाली विशेषताओं
का अभाव
निम्न स्तरीय अभिप्रेरणा।
कम व धैर्य की अधिकता
उच्च रक्तचाप, उच्च
हृदय गति व कोलेस्ट्रल
का अभाव

3(Three)
(Q.U3-B-B-40)

**Do Not Write Here**

यहाँ कुछ नहीं लिखें

41. Distinguish between emotion focussed and problem focussed coping strategies to reduce stress.

तनाव को कम करने हेतु अपनाई जाने वाली संवेग केन्द्रित एवं समस्या केन्द्रित समायोजनात्मक रणनीतियों के मध्य अन्तर कीजिए।

लेजारस व फाकमेन ने तनाव का सामना करने को गत्यात्मक स्थिति विशिष्ट अनुक्रिया माना जिसमें मूर्त अनुक्रियाओं का समुच्चय होता है।

| ① संवेग केन्द्रित उपागम | ② समस्या केन्द्रित उपागम |
|---|---|
| ⇒ इसमें दबाव की स्थिति से निपटने हेतु संवेगों का नियमन, नकारात्मक संवेगों को दूर करना संवेगात्मक विघटन को होने से रोकना कुंठा व क्रोध की भावना को अभिव्यक्त करें या रोके ⇒ इसका निर्णय | दबाव से निपटने हेतु उपलब्ध प्राथमिक व द्वितीयक मूल्यांकन के आधार पर विकल्पों की खोज उपलब्ध संसाधनों का प्रयोग कर दबाव न्यूनीकरण व अनुवर्ती कार्यवाही |

3(Three)
(Q.U3-B-B-41)

Do Not Write Here

यहाँ कुछ नहीं लिखें

Unit – III (Section – C) (20 Marks)

Part – A Marks : 10

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें । निम्न प्रश्नों के उत्तर 15-15 शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं ।

42. The government of India received information in confidence from a foreign Government. Can it be asked under the R.T.I. Act, 2005 ?

भारत सरकार को किसी विदेशी सरकार से गोपनीय रूप से सूचना प्राप्त हुई । क्या सूचना अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत ऐसी सूचना की माँग की जा सकती है ?

RTI Act 2005 की धारा 8 के अन्तर्गत विदेशी सरकार से गोपनीय रूप से प्राप्त सूचना प्रकट नहीं जा सकती है। ऐसी सूचना की मांग नहीं की जा सकती है।

1(One)
(Q.U3-C-A-42)

43. What do you mean by the term 'private area' mentioned under the Information Technology Act, 2000 ?

सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के अन्तर्गत उल्लेखित 'एकान्त भाग' पद से आप क्या समझते हैं ?

×

0 (Zero)
(Q.U3-C-A-43)

44. State the subject matter of copyright.

प्रतिलिप्यधिकार की विषय-वस्तु बताएँ।

कॉपीराइट किसी बौद्धिक सम्पदा के प्रकाशन, वितरण व उत्पादन पर उसके रचियता के आर्थिक व बौद्धिक सम्पदा अधिकारों की रक्षा है। इसमें कोई कविता, संगीत, किताब, फिल्म शामिल हो सकती है। कॉपीराइट एक्ट 1957 के तहत 60 वर्षों तक कायम

0.5(Zero½)
(Q.U3-C-A-44)

0.5(Zero½)
(Q.U3-C-A-44)

45. What includes 'Children' under the Maintenance and Welfare of Parents and Senior Citizens Act, 2007 ?

माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 के अन्तर्गत 'बच्चों' में क्या सम्मिलित है ?

बच्चे ⇒ माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण अधिनियम 2007 की धारा 2(a) के अनुसार बच्चों से पुत्र, पुत्र, पौत्र, पौत्री अभिप्रेत है, जो अवयस्क नहीं है सम्मिलित है।

1.75(One¾)
(Q.U3-C-A-45)

46. What are included under the term "Sexual abuse" in the Protection of Women from Domestic Violence Act, 2005 ?

घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत "लैंगिक दुर्व्यवहार" पद के अन्तर्गत क्या सम्मिलित किया गया है ?

घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण Act 2005 की धारा 3 में घरेलू हिंसा के अन्तर्गत लैंगिक दुर्व्यवहार को शामिल किया जाता है जिसमें व्यथित महिला के साथ प्रत्यर्थी द्वारा अनुचित यौन व्यवहार, अप्राकृतिक यौन सम्बन्धों की मांग, व्यथित महिला की मर्जी के बिना यौन आचरण, यौन हिंसा शामिल है।

1(One)
(Q.U3-C-A-46)

## Unit – III (Section – C)

### Part – B

**Marks : 10**

**Note :** Answer **all** the following questions in 50 words each. Each question carries 5 marks.

**नोट :** निम्न में से सभी प्रश्नों के उत्तर 50-50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।

47. What is the legal status of a Hindu Idol ?

एक हिन्दू देवता (मूर्ति) की वैधानिक स्थिति क्या है ?

हिन्दू देवता को विधि के अन्तर्गत एक कृत्रिम विधिक व्यक्ति माना जाता है। हिन्दू देवता विधिक मामलों में एक पक्षकार के रूप में उपस्थित होता है। हिन्दू देवता पर विधिक कर्तव्य व अधिकार आरोपित करने के कारण इन्हें विधिक व्यक्ति माना जाता है। बाबरी मस्जिद मामले में रामलला एक विधिक पक्ष के तौर पर थे। हिन्दू देवता के नाम जमीन रजिस्ट्री, चल व अचल सम्पत्ति अर्जित की जा सकती है अतः यह विधिक व्यक्ति है।

2.5(Two½)
(Q.U3-C-B-47)

Do Not Write Here

यहाँ कुछ नहीं लिखें

48. What do you understand by the term "Sayar" under the Rajasthan Tenancy Act, 1955 ?
राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत "सायर" पद से आप क्या समझते हैं ?

राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 5(37) के अनुसार सायर से अभिप्रेत, अनाधिवासित भूमि के अधिसूचित उपयोग के बदले लाइसेंसधारी / अनुज्ञाधारी द्वारा किया जाने वाला भुगतान है। जिसमें घास, फल, ईंधन, मूंग, गोंद, लाख, सिंघाडा या तत्सदृश उपज, मुर्दा ढोरों जैसे हड्डियां तथा गोबर को उठाने का अधिकार, मछली पकड़ने का अधिकार तथा वन क्षेत्र सम्बन्धी अधिकार, सिंचाई या अन्य प्रयोजनार्थ सिंचाई के साधनों का उपयोग करने का अधिकार शामिल है।

3.5(Three½)
(Q.U3-C-B-48)

**Do Not Write Here**

यहाँ कुछ नहीं लिखें

$n$

$?$

$n + n(2^{n-1} + 1)$

$n(1 + 1 + 2^{n-1})$

$n(2 + 2^{n-1})$

(2)

$n(n-1)$

$n(2^{n-1}+1)$

2

(6) — (8)

$n(2^{n-1} + (n-1)$

$2(2+1)$

↳ (6)

(19)

(n)$(2^{n-1} + n-1) =$ (5)

(1) (2)

(5) (3)

$2(1+2)$

$3(2)$